1. Virtual teaching… children always add colour to the class be it their curious faces, engaging smiles or the varied ways of behaviour, the biggest challenge that we faced as teachers was to teach a class with almost no responses, where you continue to teach without knowing whether they are understanding anything . The focus was only on scholastic activities the co scholastic was totally ignored. Is it correct learning?

2. Technology with internet available at affordable rates most Indians were exploring the cyber world. What's app, Instagram, You Tube etc. were part of everyone's life. 2020 showed us we really didn't know all about the apps we were using. We didn't know that any video above 100 MB will be difficult to upload on what's app, we were caught unaware.

3. No personal touch… every year in April, we eagerly awaited a new batch of students, to know them, to interact with them and also to learn from them, but this year none of this happened. When a teacher interacts with a student, he is not just imparting knowledge but is also instilling

values in them and moulding them to be better human beings with counselling, motivation and sometimes even scolding.

3. No stipulated working hours… the present situation has changed the working hours for teachers, we now have to be available 24*7. Whenever a child has a doubt, he or she is free to call us and clarify regardless of the time.

5. No feedback… Communication is a two way process. The process of communication states that unless the feedback is received, communication is not complete. In online teaching we are just imparting our knowledge without any feedback... no nodding of heads, no smiles of understanding or raising of hands ,we just move on assuming that everything is understood.

6. Work from home… earlier we were envious of people who were working from home, we used to think how lucky they are, but when we were given this opportunity, we found it was not a bed of roses. The mind was always disturbed, distracted with school and home. Even though the workload had reduced by a considerable amount it was more challenging. The classroom and staff room with dearly missed.

7. Screen time... the amount of time spent on mobiles and laptop screen has increased considerably. Earlier mobile was for entertainment and laptops for office work and now... Educators found their eyes were more strained and mobility had become less which resulted in other ailments.

It has been rightly said that necessity is the mother of invention and whenever we are faced with challenges we develop solutions.

1. Learning… every educator must be a learner. Corona pandemic proved to be a blessing in disguise, it dusted away the cobwebs in our mind. We learned a lot of new skills and honed our existing skills. Making PPTs, working on Google Docs, conducting zoom meetings, online exams and what not. This process of e-learning. being digital continues.

2. Patience… our patience levels were always high but the pandemic has increased it further. Every recording of 10 minutes is not actually 10 minutes but a lot of ground work and re-recordings. Things that are out of our hand also play a part. The hawker, the stray dog or sometimes the lady next door. So many things that hamper our work. A teacher is always considered to be a role model, a perfectionist, therefore errors are not allowed.

3. Research and exploration... Each topic to be taught is extensively researched on because everything that we teach virtually is not just looked at, heard, read and understood only by the students but it is out in the open for everyone. We have to be infallible with zero margin for error, all this research has undoubtedly enriched us. We are now exploring newer avenues.

4. Team work… from being individual teachers we have now started to co-operate more with one another, we have become collaborators. We always knew that sharing is caring but now we are practicing it. Everyone is willing to share their newly acquired knowledge. We're learning from our friends and even from our kids.

5. Development of communication skills… A teacher must be a good communicator. In online teaching the problem of class control does not arise the teacher can fully communicate his knowledge with the students. The matter can also be made more interesting with the use of audio visual clips.

6. Flexible... the flexibility to fix the working hours has added to our creativity. We are not bound to deliver our lecture at the allotted time

as per the time table. Time management was therefore better.

With so many flaws and so many good things being said about online teaching we realise one thing... the jungle law of the survival is applicable to all of us. To survive we need to adapt and we homo sapiens are the best at adaptability, we are dynamic.We learn, unlearn and relearn. Teachers have learnt the rubrics of online teaching and digital learning. Class 9 English textbook has a beautiful story of mechanical teachers, when I read it last year I felt sad for the child who was forced to learn using machines. He wanted to go out and play but was forced to be in a room and study, with no interaction with other kids. It was scary and seemed unrealistic, but now I think it is not so unrealistic, it is still scary though. Each child, each situation in the classroom makes us better teachers. Classroom teaching with active interaction with the students is cent percent better than online teaching - virtual teaching. As a teacher I long for the return of a class full of students their chatter, pranks, smiles and energy. Hopeful of a reunion at the earliest.

Ms. Aji Tom
St. Fidelis School, Aligarh

ताजनगरी आपको बुला रही है

उत्तर भारत के सबसे प्राचीन आगरा महाधर्मप्रांत में एक मिशनरी पुरोहित बनकर प्रभु दाखबारी में सेवा करने के लिए प्रभु आपको बुला रहा है। यदि आप इच्छुक हैं, तो फिर देर किस बात की?

योग्यता: 10वीं अथवा 12वीं कक्षा उत्तीर्ण

तुरन्त सम्पर्क करें:-

फादर प्रकाश डिसूज़ा (फोन: 9927923608)
सेंट लॉरेन्स माइनर सेमीनेरी
8, अजमेर रोड, प्रतापपुरा, आगरा - 282 001

पिता वो हैं जो आपके गिरकर संभलने
तक का सफर दूर से देखते हैं,
और आपको परखते हैं कि आप खुद से,
उठ पाते हो या मदद की गुहार लगाते हो।
पिता वो हैं जो आपकी बार-बार आलोचना कर,
आपको एक जिम्मेदार इंसान बनाते हैं।
जब आप निराश होकर पिता की अवहेलना करते हो,
तो वह धैर्य से जिम्मेदारी निभाते हैं।
पिता को वर्तमान में परिवार के,
भरणपोषण की चिंता नहीं सताती।
वह तो बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए
दिन-रात चिंतित रहते हैं।
परिवार छोटा हो या बड़ा,
पर होता है पिता के कंधों पर खड़ा।
दूर से पिता हर खतरे को भांप जाते हैं,
और अपने परिवार को बचाने के लिए
दुनिया को नाप आते हैं।
वह आपको प्यार से बार-बार नहीं दुलारते हैं,
पर आपकी चिंता में अपना जीवन करते हैं।
जैसे रेगिस्तान में थोड़ी सी हरियाली
दिल को सुकून देती है
वैसे ही पिता का साया घर को महफूज बनाता है।
पास रहकर भी दूर रहते हैं पिता,
बच्चों को मजबूत बनाने के लिए कठोर रहते हैं पिता।
पिता के हाथों की लकीरों में छुपा हैं बचपन मेरा
वही हैं मेरे दोस्त, वही हैं सारथी मेरे।

अंजलीना मोसेस, संत जूड पल्ली, आगरा

हम सबकी प्यारी माँ मरियम

''हे मेरे बच्चों, यह मेरे जीवन में एक अनोखा अवसर था, कि मैंने अपने मृत बेटे का शरीर अपनी बाहों में पाया। मैंने अपने बेटे के मृत शरीर को प्यार से आखिरी बार देखा। उसका शरीर चारों तरफ गहरे घावों से भरा हुआ था, यहाँ तक उसका हृदय भी छेदा गया था। मुझे अपने दिल में असहनीय दर्द का अनुभव हुआ, मानो एक तेज तलवार मेरे हृदय को आर-पार भेद गयी हो। मैंने आँखें बंद कर मुक्तिदाता प्रभु के लिये, ईश्वर को धन्यवाद दिया। यह वह घड़ी थी जब मैंने पिता परमेश्वर की मुक्ति योजना को पूर्ण किया। यह मेरे परमेश्वर की इच्छानुसार आखिरी हाँ थी।''

माँ शब्द सुनते ही हमारा मन श्रद्धा से भर जाता है। माँ के वात्सल्य का एहसास मनुष्य के साथ-साथ संसार के सभी जीवों को होता है। माताओं में माँ मरियम का स्थान सर्वोपरि है। पवित्र बाईबल में मरियम का ज़िक्र स्वर्गदूत के सन्देश से शुरु होता है। जब हम माता मरियम के बारे में सोचते या मनन करते हैं, तो उनके सम्पूर्ण जीवन को विस्तृत करने के लिये मन में एक शब्द प्रस्फुटित होता है, वह है 'आमेन' अर्थात ऐसा ही हो, या 'तेरी इच्छा पूरी हो।'

माँ मरियम एवं बालक येसु का संबंध एक स्वाभाविक माँ-बेटे का था। यह जानते हुए भी कि येसु को परमपिता ने मसीह के रूप में दुनिया में भेजा है, वे येसु का पालन-पोषण एक सामान्य बच्चे की तरह कर रही थीं। वे येसु को जीवन के आदर्शों से अवगत कराते हुए बड़ा कर रही थी। बाल्यावस्था से बड़ा होने तक येसु के चमत्कारी कार्यकलापों को देखकर वे समझ गयी थीं, कि परमेश्वर ने जो कार्य उन्हें सौंपा है, वह अच्छी तरह से उन्हें पूरा करना है।

मैंने एक दिन अपने प्रोटेस्टेंट मित्र से पूछा, कि आप लोगों के गिरजाघरों में माँ-मरियम की मूर्ति नहीं रहती है, और उनकी आराधना क्यों नहीं होती? तब उन्होंने कहा, कि ''ईश्वर से कुछ माँगने के लिये मध्यस्थता की क्या जरूरत है?'' यह बात आश्चर्यचकित करने वाली थी माँ



मरियम एवं येसु का संबंध भी माँ-बेटे का है। और हमारा संबंध भी माँ-मरियम के साथ माँ-बेटे का है। जब परिवार में बच्चों की कोई नहीं सुनता, तब अंत में वे माँ से माँगने जाते हैं और वह पूरा हो जाता है।

हम पवित्र बाईबल में प्रभु येसु द्वारा काना नगर के विवाह में चमत्कार के बारे में सुनते हैं, जिसमें माँ-मरियम ने प्रभु येसु से कहा कि ''विवाह में परोसने के लिये अँगूरी खत्म हो गयी है,'' येसु ने कहा, कि ''अभी मेरा समय नहीं आया है।'' माँ-मरियम अपने बेटे को जानती थी, कि वह उनकी बात नहीं टालेंगे। इसलिये उन्होंने दोबारा येसु नहीं कहा, उन्होंने सीधा नौकरों से कहा, कि ''येसु जैसा कहते हैं, वैसा करो।'' येसु ने नौकरों को मटकों में पानी भरने को कहा जो येसु के चमत्कार से अँगूरी बन गया। यह घटना हमें माँ-बेटे के प्रेम एवं आज्ञाकारिता को दर्शाती है। यह हमें भी भरोसा दिलाती है कि माँ-मरियम के माध्यम से किया हुआ हमारा निवेदन येसु जरूर पूरा करते हैं।

हम जानते हैं कि दुनिया में जब भी मनुष्य पाप करता है जब वह ईश्वर के विरुद्ध जाता है। येसु हमें पापों से

शेष पृष्ठ 23 पर

St. Joseph's Ladder

The Chapel of Loretto in Santa Fe, New Mexico, is home to an exceptional work of carpentry. The staircase is well known for being surrounded by at least two mysteries: the identity of its builder and the physics of its structure. No one is able to fully understand how the structure can stand on its feet without any kind of central support attached to it. There is, may be, a third mystery, too: although the staircase is known to be made of spruce wood, no one has been able to determine either what subspecies of spruce it is, or even how the wood got to the chapel.

In 1852, by order of the bishop of Santa Fe, Jean Baptiste Lamy, the Chapel of Our Lady of Light inspired by the Sainte-Chapelle in Paris was built. It was placed under the care of the Sisters of Loretto, who were to arrive from Kentucky to start a school for girls.

When the chapel was ready, builders were faced with an unexpected problem: they could not add a ladder leading from the nave to the choir, on the second floor. It was a sad error in the design one that the building's architect, Antonio Mouly, could not solve, since he had already passed away. When the nuns insisted on building a staircase, the builders told them it would be impossible, and that building a normal, regular ladder would take too much room. Finally, they advised the nuns to demolish the choir.

Instead, the nuns decided to pray a novena to St. Joseph, patron saint of carpenters, asking for a solution. After finishing the novena, according to testimonies that have passed from generation to generation since the mid-nineteenth century, a man appeared at the door of the chapel, saying that he could build a stairway, under one condition: he be granted total privacy. The stranger locked himself in the chapel for three months with a saw, a square and a few other simple tools, and disappeared as soon as the work was finished, without ever having asked for any payment for his services.

The staircase, which is around six meters high, takes two full turns over its axis until it reaches the choir. It was built without any nails or glue, and lacks any kind of central support. The construction itself is said to be "impossible." According to some, it should have collapsed the very first moment someone used it, although it is assumed that the central spiral staircase is narrow enough to work as a central support on its own.

In any case, the original staircase was not attached to any wall until 1887, ten years later, when the railing was added, and the outer spiral was attached to a nearby pillar. Tradition claims the mystery of the identity of the carpenter has never been satisfactorily solved, and there is not even a delivery report that might help decipher where the wood came from. During those three months, no one saw anyone entering or leaving the chapel.

As the carpenter left before the Mother Superior could pay him, the Sisters of Loretto offered a reward to anyone who could make his identity known, but no one ever showed up. So, yes: since then, the crafting of the staircase has been attributed to St. Joseph himself!

- Daniel Esparza

(The Voice of St. Jude, Apr. - June 2021)

विश्वास का जीवन

प्रभु में प्यारे भाइयों-बहनों, आज हम जीवित परमेश्वर के वचन के द्वारा विश्वासी जीवन देखने जा रहे हैं। परमेश्वर के जीवित वचन को ग्रहण करने के पश्चात भी मसीह भाई-बहन जीवन में निराशा की ओर बढ़ते जा रहे हैं। इसलिए आज मसीह भाई-बहनों की प्रथम आवश्यकता है कि अपना जीवन प्रभु के वचनों के द्वारा जीयें।

आइये हम देखते हैं जीवित परमेश्वर का वचन (2 तीमुथियुस 3:16)। ज्ञात होता है कि सम्पूर्ण पवित्र शास्त्र परमेश्वर की प्रेरणा से रचा गया है। भाईयो-बहनों 'सम्पूर्ण' का अर्थ है: पूरा-पवित्र वचन, तो आज हमें यह जानने की जरूरत है कि उत्पत्ति से लेकर प्रकाशित वाक्य तक यह केवल मुद्रित सामग्री ही नहीं है, बल्कि जीवित परमेश्वर के मुख से निकलने वाली वाणी है, जिसे आज हम वचन के रूप में देख रहे हैं। सर्वप्रथम हमें प्रभु से प्रार्थना व विनती के माध्यम से वचन पर विश्वास बढ़ाने की आवश्यकता है।

विश्वास के वचन (मारकुस 11:24) इस सुसमाचार में प्रभु यीशु मसीह स्वयं कह रहे हैं ''इसलिए मैं तुमसे कहता हूँ कि विश्वास कर लो कि तुम्हें मिल गया है। वह तुम्हारे लिए हो जायेगा।''

भाईयों-बहनों आपने देखा कि हमारे उद्धारकर्ता प्रभु यीशु-मसीह वचन के द्वारा हम से क्या कह रहे हैं। आज हमें प्रभु में एक विश्वासी जीवन जीने की आवश्यकता है, ना कि ठहरा या भटका हुआ जीवन। परमेश्वर के पवित्र वचन को किसी और पुस्तक की तरह पढ़ने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि प्रार्थना व विश्वास के साथ पढ़ने की आवश्यकता है, क्योंकि भाईयों-बहनों पवित्र शास्त्र परमेश्वर के मुख से निकलने वाली वाणी के द्वारा लिखा गया है।

विश्वास के द्वारा कार्य (1 राजा, अध्याय 17 वचन 1:15) इन वचनों के माध्यम से कि सिदोन की सरेप्ता नगर की विधवा के विश्वास के द्वारा यहोवा परमेश्वर ने उसके लिये कितना महान आश्चर्यकर्म किया।

(मलाकी 3:6) क्योंकि मैं यहोवा बदलता नहीं; इस वचन के अनुसार हम भली भांति समझ सकते हैं कि यहोवा परमेश्वर बदलने वाला परमेश्वर नहीं है।

(अय्यूब 37:1-5) इस वचन के अनुसार हमें यह ज्ञात होता है कि अय्यूब की पुस्तक परमेश्वर के शब्द के द्वारा 400 ई.पू. लिखी गयी थी। अर्थात् जब हम अय्यूब की पुस्तक के 37:1-5 वचनों के माध्यम के द्वारा देखते हैं तो यह ज्ञात होता है कि हमारा परमेश्वर तब और आज तक एक जैसा ही है। क्योंकि जब हम वर्षा के समय में बादलों की गड़गड़ाहट को सुनते हैं तो वह गड़गड़ाहट कोई बादलों के आपस में टकराने का शोर व आवाज ही नहीं है। वह हमारे जीवित परमेश्वर का शब्द है जो आज भी हम सुन सकते हैं।

इस वचन के माध्यम से मैं बस यही बताना चाहता हूँ कि यह वचन 400 ई.पू. लिखा गया, लेकिन आज भी हम इस गड़गड़ाहट व गर्जना को सुन सकते हैं, जो परमेश्वर का शब्द है।

इससे तात्पर्य है कि यह शब्द परमेश्वर ने हजारों साल पहले कहे लेकिन आज भी परमेश्वर के शब्द का कार्य कर रहे हैं।

यूहन्ना 11:26 में प्रिय भाइयों-बहनों प्रभु यीशु मसीह ने स्वयं मारथा से कहा, कि ''अगर तू विश्वास करेगी तो परमेश्वर की महिमा को देखेगी।''

यूहन्ना 11:27 में हम देखते हैं, कि मारथा प्रभु से कहती है कि मैं विश्वास कर चुकी हूँ।

भाइयों-बहनों, आज भी हमें मारथा जैसे विश्वासी जीवन जीने की आवश्यकता है, कि मैं विश्वास कर चुका/या कर चुकी हूँ।

जब परमेश्वर यहोवा ने अब्राहम से कहा, कि ''अपनी पत्नी और धन-सम्पत्ति लेकर हारान देश से निकल जा। मैं तुझको एक नया देश दूँगा।'' (उत्पत्ति 12) तब अब्राहम ने परमेश्वर से सवाल जवाब नहीं किया बल्कि परमेश्वर के शब्दों पर विश्वास करके हारान देश से कनान देश की ओर चला गया।

इस वचन के माध्यम से हम देखते हैं कि अब्राहम ने परमेश्वर से यह नहीं कहा कि परमेश्वर मुझे घर-मिलेगा कि नहीं, खाना मिलेगा कि नहीं, धन-सम्पत्ति मिलेगी की नहीं, उसने ऐसा कुछ नहीं कहा बल्कि विश्वास के द्वारा परमेश्वर के शब्द पर विश्वास करके वहाँ से कनान देश की ओर चला गया।

आजकल हम ज्यादातर अपने आसपास व अपने मसीह समाज में लोगों को देख रहे हैं कि हर व्यक्ति ने किसी न किसी समस्या में अपनी बुद्धि व विवेक तथा एक-दूसरे व्यक्तियों पर विश्वास करके अपने लिये समस्याओं का जाल बनाकर तैयार कर लिया है।

उदाहरणार्थ- यह कैसे होगा, वो कैसे होगा? अब क्या होगा? प्रतिदिन नाना प्रकार की चिन्ताओं में लगे रहते हैं।

मेरे प्रिय भाइयों-बहनों, मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूँ कि चिन्ताएं व डर परमेश्वर की ओर से नहीं आते हैं। बल्कि चिन्ता और डर शैतान की ओर से हैं। हम देखे हैं कि हमारा जीवित परमेश्वर हमसे वचन के माध्यम से क्या कहता है।

फिलिप्पियो 4:6 इस वचन के माध्यम से पिता हमें बताना चाहते हैं कि किसी बात की चिन्ता मत करो। तुम्हारे प्रार्थना निवेदन धन्यवाद के साथ मेरे सामने उपस्थित किये जायें।

यह वचन परमेश्वर के शब्द हैं, कि हमारा परमेश्वर झूठ बोलने वाला नहीं है। इन वचनों के माध्यम से आप भी प्रभु परमेश्वर में एक विश्वासी जीवन व्यतीत करें। जैसा जीवन जीने के लिये इन वचनों के माध्यम से पिता ने हमसे कहा है।

डर व चिन्ता का जीवन न बितायें बल्कि परमेश्वर पर भरोसे व विश्वास का जीवन बिताने की कोशिश करें।

प्रवक्ता ग्रंथ 40:27 के अनुसार जो प्रभु पर श्रद्धा रखता है उसे किसी बात की कमी नहीं।

इस वचन के माध्यम से प्रभु पर श्रद्धा व विश्वास करके आनन्दपूर्ण जीवन बितायें। हताशा, निराशा व चिन्ता से मुक्त जीवन जीएं। प्रभु आपको आशीष दे।

—नरेन्द्र मैसी, सेंट मेरी चर्च, आगरा

पृष्ठ 20 का शेष

मुक्ति दिलाने के लिए 'क्रूस पर मरे।' हमारे पापों से माँ मरियम का हृदय दु:ख से छेदित होता है। माँ-मरियम इसलिये हमें पापों से दूर रखने के लिए समय-समय पर दुनिया में प्रकट होती है और हमें माला विनती जपने के लिये प्रेरित करती है। आज कई स्थानों में माता मरियम की मूर्ति से आँसू और तेल निकलने का चमत्कार देखने को मिलता है, जो हमें यह अहसास दिलाता है कि माँ-मरियम हमारे पापों से दु:खित है।

इन चमत्कारों से हमें पता चलता है कि हमारा ईसाई धर्म केवल इतिहास बनकर नहीं रह गया है बल्कि इसमें सच्चाई है और हमें ईश्वर द्वारा बताये रास्ते पर चलना है।

—विनोद जेम्स, सेंट मेरीज़ चर्च, नोएडा

कोरोना का क्या रोना?

पिछले दो वर्षों से हम सभी कोरोना का दंश झेल रहे हैं। अपने कितने ही प्रियजन सदा के लिए बिछुड़ गए हैं। बहुतों ने इस काल में अपने प्रियजनों को खो दिया। मैंने भी अपनी छोटी बहन, एक जवान पोते और कई मित्रों को इस दौरान खोया है। अपनी पीड़ा सहें या उनका गम हल्का करें? कुछ समझ में नहीं आ रहा है... एक स्याह खामोशी चारों ओर है। बहुत करीबी भी एक अनजाने भय से दूर-दूर से मिलते हैं। इसी बीच याद आता है, कि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम किया कि, उसने अपना इकलौता पुत्र दे दिया ताकि हम उस पर और उसके द्वारा दिए उद्धार को देखें। प्रश्न उठता है क्या यही है प्यार-अनूठा प्रेम? मैं तुम्हारे आँसू पोंछ डालूँगा कहकर होठों की हंसी ही छीन ली। जीवन का समीकरण ही उलझ गया है। अब तो विश्वास भी डगमगाने लगा है, **खुदा माफ करे।**



सोचती हूँ मन क्यों विचलित है? शायद हमने वचनों को गहरायी से नहीं थामा है। आज मानव को परमेश्वर से अधिक विज्ञान पर भरोसा है? जबकि उसने पहले ही कहा है- ''अपनी समझ का सहारा न लेना।'' हम सृष्टि को चुनौती देने चले थे। परिणाम सामने है।

पवित्र बाईबल में प्रारम्भ (उत्पत्ति ग्रंथ) से लेकर अन्त (प्रकाशना ग्रंथ) तक व्याप्त है ईश्वर का मानव के प्रति प्रेम। प्रेम को बरकरार रखने के नियम। मानव द्वारा इस प्रेम की अवहेलना! पाप में लिप्त होना, परमेश्वर के प्रेम की पराकाष्ठा, कि मानव को बार-बार क्षमा करना। मानव के उद्धार की खातिर अपने प्राण दे देना। फिर भी मानव का ढीठ बने रहना। समय-समय पर नबियों के माध्यम से ईश्वर द्वारा हमें समझाते रहना और अन्तोगत्वा परमेश्वर का न्याय होना भी अवश्यम्भावी है। सब कुछ तो है वचनों में, पवित्र बाईबल में। हम ही अभिमानी हो गए हैं। निडर, निर्लज्ज।

प्रकाशित वाक्य अध्याय 4 के 7वें पद में लिखा है- ''परमेश्वर से डरो और उसकी महिमा करो: क्योंकि, उसके न्याय करने का समय आ पहुँचा है।''

मानव स्वभाव से ही अपना दोष दूसरों पर मढ़ता आया है। हम ईश्वर और प्रकृति दोनों के प्रति दोषी हैं। प्रकृति ने हमें कितना कुछ दिया, मगर हमने स्वार्थवश प्रकृति का ही दोहन किया है। फिर भी अपनी गलती नहीं मानते हैं। एक प्रेमी पिता अपनी सन्तान को चाहे कितना भी प्रेम क्यों न करता हो लेकिन सन्तान का मनमाना व्यवहार, उसकी उद्‌ण्डता, बेअदबी आखिर पिता के रोष को जगा ही देती है। पिता भी ऐसी सन्तान को अपनी मीरास से बेदखल कर ही देता है। फिर हमने तो परमपिता को रोष दिलाया है। हम अक्ष्म्य अपराधी हैं। आखिर हम अपना दोष कब मानेंगे?

आज पूरी पृथ्वी विनाश के कगार पर खड़ी है। प्रकृति कराह रही है, हमारी वजह से, मानव गलती से। फिर भी अब भी अधिकांश हैं जो कहीं सांसों का सौदा कर रहे हैं। कहीं रोज़ी-रोटी छीन रहे हैं, कहीं अपनी तिजोरी भरने की होड़, कहीं सत्ता सुख की लालसा, झूठ, लालच, काला बाजारी, अश्लील सौदागरी, मासूमों का व्यापार, हत्या, बलात्कार। जीवन रक्षक ही भक्षक बन गए हैं, आखिर मानव कब सुधरेगा? इसीलिए संसार में दु:ख, पीड़ा, आँसुओं, दर्द का तांडव हो रहा है। जबकि परमेश्वर अब भी वही है, सदा सर्वदा एक सा प्रेमी! न वो बदलता है, न उसके वायदे। नबी यशायाह 26:3 में लिखा है- जिसका मन तुझमें धीरज धरे हुए है, उसकी तू पूर्ण शान्ति के साथ रक्षा करता है; क्योंकि वह तुझ पर भरोसा रखता है।

शेष पृष्ठ 26 पर

The Reality in the lives of the suffering poor

Mahatma Gandhi, was moved by the misery and the suffering of the people. It was his life's ambition to wipe the tears from every suffering eye. A few true stories, in short, of the suffering poor.

Indravati, who spent all to save her husband from sickness. Those on next gage for 2 lakhs, interest has gone up to Rs. 70 thousand. She lives in that same house and has to pay 1000/- per month as rent. To add to her misery, her son working on construction site fell & fractured his back-bone. To get medicine, she kept her son's mobile on shop & took Rs. 2000/-. She went for potato picking, after 3 days became very sick as she is so miserable & full of tensions. At present she goes to roll chappaties whenever there are marriage, she experience difficult times.

Nazma, suffered greatly as her husband suffered from cancer, with great struggle she got money for medicine, como therapy etc. she used to inject her husband to ease his unberable pain. She could not go to work, as she had to take care of him. She completely deepended on charity, as no earning member.

Ten of the village boys, went to Pune, in search of a job, some riot took place and all were under the custody of the police. The family members paid & got released them out, except one who was v.v. poor, he phoned his wife, she went begging fox help & took 3 thousand, she was asked to pay 5 thousand, as she explained how poor they were, having 6 small children, the lady police hit her very badly with a strong stick and said, if you don't bring the money within 4 days time, then you have to pay Rs. 10 thousand, only then he will be released. With a heavy heart again she went pleading for help, the same person listening to her sad story gave her 2000/- Finally she was able to release her husband. Such is the plight of the poor with no one to support them.

Five of the very poor vegetable vendors, who used to hire hand-carts and buy vegetable for whole sale price, each were given a new handcard and some money to do vegetable business. Some are doing well but some used their money for family basic needs each day and had no money to continue their business. Its very sad to explain their unhappy plight and struggles they go through.

Many of the old and some widows are at the mercy of some generous hearts also go begging to sustain themselves.

Many of the children are forced to take up jobs, at an age, when they ought to be in school, just to support the family.

Babu, who worked on road construction, a part of the bull-dozer fell on his foot and handicapped him for 22 yrs. The wound is not

getting healed, doctors said that he was to amput his beg and needs 1 lakh for operation, he has no money to feed his family and its imposible to go for operation.

Many poor of Kaulakha village however much they are sick, are unable to got to doctor, even minor fractured cases, they endure so much pain & remain without any treatment but home remedy.

Many people were fortunate enough to go for potato picking for 15 days and earned Rs. 230/- per day plus some potatoes were given to then they worked for nearly 13 hours.

The poor suffer terribly, sometimes the remarks passed by people is shocking. These poor are lazy, stupid, no decency, they drink and drink so fully, no manners, they gamble, fight, beat their wives, ill treat their children, ungrateful wretches, such terrible and many more remarks are hurled on them.

Unless we are in their shoes we will never ever understand their bad sorry plight. Sure enough there are many professional beggars but much more the suffering poor.

Lets do something for these our unfortunate ones, where ever we are inherit God's blessings and blessings of the suffering poor. It is easy to affix labels and to condemn the poor affilthy, stupid, but to come closer to their lives, get under their skin and perceive their unhappy plight is to discover for ourselves, the unhappy world of the poor, marginalised, oppressed and the exploited. To work for such poor people is unexplainable. Helping them with money, basic etc. but more more spending your precious time and listening to their woes even at odd times.

Sr. Marina Soares
St. Jude's Church, Agra

पृष्ठ 24 का शेष

मित्रों! यह बड़ी नाजुक घड़ी है। अपने विश्वास को डगमगाने न दो। शैतान पूरी शक्ति से अपना खेल खेल रहा है। उसे पराजित करो। अपने दु:ख को सेवा में बदलो। पीड़ा को प्रेम में और हताशा को हंसी में। पश्चाताप करो, गलती मानो।

हमारे जीवनरूपी घर की नींव चट्टान पर है किसी रेत बालू पर नहीं। आने दो महामारी, गरीबी, आँसू, दु:ख दर्द रूपी आँधियां। परवाह न करो। क्योंकि वही परमेश्वर हमें पीड़ा देता है तो करूणा भी करता है।

मित्रों! परमेश्वर की शान्ति हमारी समझ से परे है। वही हमारे हृदयों और विचारों को मसीह में सुरक्षित रखेगा। (फिलिप्पियों 4:7)

हम आज भी जीवित और सुरक्षित हैं। यही पिता परमेश्वर के प्रेम का सबसे बड़ा प्रमाण है। आप स्वस्थ रहें, सुरक्षित रहें, प्रभु की आशीष मिलती रहे।

—निशी अगस्टीन, कथीड्रल पल्ली, आगरा

पी.एच.डी. की उपाधि से सम्मानित

श्रीमती मारथा शर्मा (पत्नी श्री नितिन शर्मा) असिस्टैंट प्रोफेसर (फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट संकाय सेंट जॉन्स डिग्री कॉलेज, आगरा) ने कॉमर्स विषय में 'एन एनालाइटिकल स्टडी ऑफ द क्रेडिट रिस्क मैनेजमेंट इन सिलेक्टेड पब्लिक सैक्टर बैंक्स' पर अपना शोध कार्य डॉ. पी.ए. जॉय (एसोसिएट प्रोफेसर सेंट जॉन्स कॉलेज) के सफल निर्देशन में पूरा किया।

डॉ. मारथा शर्मा श्री अगस्टीन व निशी अगस्टीन की पुत्री तथा श्रीमती भगवती शर्मा की पुत्रवधू हैं। **अग्रेडियन्स** परिवार डॉ. मारथा शर्मा को उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देता है।

जुबिलीधारक सिस्टर अम्ब्रोसिया से एक भेंट

श्रद्धेया सिस्टर अम्ब्रोसिया एम.सी. जिन्हें हम प्यार से रोज़री नन (माला बनाने वाली धर्मबहन/सिस्टर) कहते हैं, ने हाल ही में 19 जून 2021 को अपने प्रथम व्रत धारण की गोल्डन जुबिली (स्वर्ण जयन्ती) मनाई। इस अवसर पर **अग्रेडियन्स** ने उनसे एक विशेष साक्षात्कार लिया। यहाँ प्रस्तुत हैं, उस साक्षात्कार के कुछ मुख्य अंश

- सि. अम्ब्रोसिया जी अपने और अपनी बुलाहट के बारे में हमारे पाठकों को कुछ बताइए।

सि. अम्ब्रोसिया: मेरा जन्म 24 सितम्बर 1943 को उड़ीसा के ओरबा झोराबहार पल्ली में हुआ था। पाँच बहनों और एक भाई के परिवार में मैं सबसे छोटी हूँ। छोटी होने के कारण में घर में सबकी प्यारी थी। बचपन से ही एक धर्मबहनन बनने की तीव्र इच्छा थी, इसी उद्देश्य से 2 जुलाई 1968 को अपने माता-पिता की अनुमति पाकर मैं कलकत्ता आ गई।

23 मई 1971 को मेरा प्रथम व्रत धारण कलकत्ता स्थित मदर हाउस में हुआ। मेरा नम्बर 382 है। हमारे बैच में 26 धर्म बहनें थीं, जिन्होंने प्रथम मन्नत (व्रत धारण) किया था। समयान्तराल में चार धर्मबहनें प्रभु के पास चली गई हैं। मैंने अंतिम मन्नत 24 मई 1976 को ली।

- आपने किन-किन स्थानों पर कार्य किया है?

सिस्टर अम्ब्रोसिया: मैंने मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल में प्रभु सेवा की है। प्रथम व्रत धारण के बाद मेरी पहली नियुक्ति झाँसी में हुई थी, जहाँ मैं 6 महीनों तक रही। उसके बाद वाराणसी गई, जहाँ 1 वर्ष 3 महीने रही। इसी दौरान मैं बहुत बीमार पड़ गई, जहाँ से मुझे पश्चिम बंगाल में भेज दिया गया, वहाँ मैं 6 महीने रही। वहाँ से आसनसोल गई, जहाँ डेढ़ वर्ष रही। तत्पश्चात बहरामपुर गई, जहाँ मैंने एक वर्ष तक कार्य किया। वहाँ से मैं पुन: कलकत्ता आ गई, जहाँ 6 महीने तक रही। इसी दौरान मैंने अंतिम मन्नत (व्रत धारण) किया।

अंतिम मन्नत के बाद मेरठ आ गई, जहाँ डेढ़ वर्ष तक कार्य किया। वहाँ से सहारनपुर (डेढ़ वर्ष), अलीगढ़ (डेढ़ वर्ष) और फिर वहाँ से एक बार फिर झाँसी आ गई, जहाँ एक लम्बे लगभग (7 वर्ष) तक कार्यरत रही। झाँसी से अगले साढ़े चार साल तक के लिए जबलपुर गई। जबलपुर से पुन: तीन महीनों के लिए कलकत्ता गई। कलकत्ता से रतलाम गई और वहाँ दो वर्ष तक कार्य किया। तत्पश्चात मेरा तबादला ललितपुर हो गया, यहाँ मैं अगले 5 वर्ष तक रही। ललितपुर से एक बार पुन: सहारनपुर (5 वर्षों के लिए) गई। वहाँ से अगले 6 वर्षों के लिए गाजियाबाद में कार्य किया। गाजियाबाद से आगरा आ गई और प्रभु कृपा से अभी यहीं पर हूँ। आगे ईश्वर की मर्जी!

-सिस्टर जी, लोग आपको रोज़री नन या रोज़री (बनाने वाली) सिस्टर कहते हैं। आपको रोज़री बनाने की प्रेरणा कहाँ से मिली?

सिस्टर अम्ब्रोसिया: जी हाँ, मुझे जानने वाले बहुत से लोग मुझे रोज़री सिस्टर के नाम से भी जानते हैं।

उन दिनों मेरी पोस्टिंग सहारनपुर में थी। वहाँ मेरे साथ की एक सिस्टर बेनेदिक्तुस की रोज़री कहीं खो गई थी। इस बात को लेकर वह परेशान और निराश थी। उस रोज़री के साथ उनका भावनात्मक सम्बन्ध था। उन्हीं दिनों वहाँ के पल्ली पुरोहित श्रद्धेय फादर तारसन थॉमस ने हमें बड़े दिन के ईनाम के रूप में सौ-सौ रूपये दिए। वो रूपये पाकर हम इतने प्रसन्न हो गए कि मानों हमें बहुत बड़ा खजाना मिल गया हो। तब हम दोनों ने सहारनपुर के बाजार से उन पैसों में तार, प्लायर आदि खरीदे। बस वहीं से एक शुरुआत हो गई। कॉन्वेण्ट लौटने पर हम लोगों ने स्वयं रोज़री बनाना शुरु कर दिया।

उसके बाद मेरा तबादला गाजियाबाद हो गया। वहाँ भी

एक सिस्टर थीं, जो रोज़री बनाती थीं, लेकिन रोज़री बनाना वो किसी को सिखाती नहीं थी...तब मैंने स्वयं रोज़री बनाना सीख लिया। प्राय: एक दिन में एक रोज़री बनकर तैयार हो जाती है। हमारी संस्था की बहुत सी धर्मबहनें मुझे रोज़री बनाने को कहती हैं। दिल्ली से फादर रविन्द्र जैन (सी. एम.) भी प्रति वर्ष मुझसे बड़ी संख्या में रोज़री बनवाते हैं। मुझे इस बात की बहुत खुशी और संतुष्टि है, कि प्रभु मुझे इस काम के लिए इस्तेमाल कर रहा है। सेंट मेरीज़ चर्च, आगरा के पल्ली पुरोहित श्रद्धेय फादर स्टीफन कोलन्दईसामी ने भी कोरोना काल में रोज़री बनाना सीख लिया और अब वे प्रतिदिन इस काम में मेरी सहायता करते हैं। मैं उन्हें और अपनी कम्युनिटी की सभी सिस्टर्स को विशेष रूप से धन्यवाद देना चाहती हूँ।

सिस्टर जी, इस कोरोना काल में आपने अपने धार्मिक जीवन (व्रत धारण) की पचासवीं वर्षगाँठ मनाई है। प्रभु ने आप पर बड़ा अनुग्रह किया है। आपको कैसा लग रहा है?

सि. अम्ब्रोसिया: सबसे पहले मैं पिता ईश्वर को सारे दिल से धन्यवाद देना चाहती हूँ, कि उसने मुझे चुना और एक धर्मबहन की बुलाहट प्रदान की। उसने आज तक मुझे संभाला और सुरक्षित रखा। मैं कई बार बहुत गम्भीर रूप से बीमार पड़ गई थी, बचने की उम्मीद भी प्राय: समाप्त हो गई थी, फिर भी उसने मुझे मरने नहीं दिया।

साथ ही मैं आपकी प्यारी मदर (संत तेरेसा) को नमन करती हूँ, जिन्होंने मुझे अपनी संस्था में स्वीकार किया। उन्होंने स्वयं हमें पढ़ाया और संस्था में शिक्षित किया।

स्वर्ण जयन्ती के बाद मैं बहुत आनन्दित और गौरवान्वित अनुभव कर रही हूँ। हालाँकि जुबिली की वास्तविक तारीख 24 मई थी, लेकिन 19 अप्रैल को जुबिली समारोह रखा गया था, किन्तु मैं पुन: एक बार गम्भीर रूप से बीमार हो गई, तो इसे 19 जून के लिए निश्चित कर दिया गया था। कोरोना संक्रमण के कारण बहुत बड़ा समारोह नहीं रखा गया। मेरे अपने रिश्तेदार तो जयपुर से भी नहीं आ सके, इसका मुझे हमेशा अफसोस रहेगा, लेकिन प्रभु की यही इच्छा थी। आगरा के आर्चबिशप डॉ. राफी मंजलि, हमारी रीजनल सुपीरियर सिस्टर अमृतम और अलीगढ़ से हमारी अपनी सिस्टर्स के आने से मेरी खुशी में चार चाँद लग गए।

- सिस्टर जी स्वर्ण जयन्ती के इस मुबारक मौके पर आप लोगों को क्या संदेश देना चाहेंगी?

सिस्टर अम्ब्रोसिया: प्रार्थना करो। प्रतिदिन अपने घर-परिवार में रोज़री माला जपो और दूसरों की सेवा करो। साथ ही एक दूसरे की मदद करो - यही प्रभु की आज्ञा है और उसे प्रिय भी है।

- धन्यवाद सिस्टर जी!

सिस्टर अम्ब्रोसिया: ईश्वर आपको आशीष दे।

-अग्रेडियन्स के लिए मेघा, मुक्ति एवं तानिया

Sr. Nepuntia,MC is no more!

Agra, 6 May: Rev. Sr. Nepuntia M.C. (79 years) passed away swiftly on May 6, 2021 in the Convent of Missionaries of Charity, Agra. She was not well for sometime. She died of old age.

Her funeral Mass was offered by His Grace Most Rev. Dr. Raphy Manjaly (Archbishop of Agra) at the Convent Chapel. Fr. Sunil Mathew her nephew and other three family members from Delhi also attended the service. Rev. Sr. Amritam, MC, Regional Superior and MC Sisters from Aligarh too joined the Requiem Mass. After the Mass, her body was taken to the Cathedral and burried there by the side of the Cathedral, near Our Lady's Grotto. May her soul rest in peace. Sr. Nepuntia was known for her loving nature and generous heart. The inmates will miss their 'Nani' for long time.

में विस्तार से महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। साथ ही सभी को मास्क लगाने के फायदे भी बताये गये। उन्होंने लोगों को कम से कम 20 सेकण्ड तक अच्छी तरह साबुन से हाथ धोने का सही तरीका बताया और संदेश भी दिया। सभी ने ध्यानपूर्वक इन्हें सुना और साथ ही अपनी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

टी.बी., एच.आई.वी. व कोविड-19 पर ट्रेनिंग प्रोग्राम रखा गया

आगरा, 18 जून। फातिमा हॉस्पीटल, आगरा की मलिन बस्तियों में चल रहे एच.सी.डी.पी.सी. प्रोग्राम के अन्तर्गत फातिमा हॉस्पीटल में सोशल वर्क प्रोजेक्ट इंचार्ज सिस्टर जॉली फ्रांसिस ने दिनांक 17 व 18 जून 2021 को टी.बी. एच.आई.वी. व कोविड-19 पर ट्रेनिंग प्रोग्राम किया। प्रोग्राम की शुरुआत में सिस्टर जॉली फ्रांसिस ने पवित्र बाईबल से एक अध्याय पढ़ा और सभी लोगों को मानसिक शुद्धि का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में श्रीमती मॉली जोस, सिस्टर अखिला व अन्य सिस्टर्स भी शामिल हुईं। सिस्टर जॉली के नेतृत्व में सोशल वर्कर स्टाफ ने सोशल डिस्टेन्सिंग को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने कार्यक्षेत्र से बुलाये गये लगभग 48 युवक-युवतियों ने हैंड सैनिटाइज़र व मास्क लगवाकर कार्यक्रम में भाग लिया। श्रीमती मॉली जोस ने टी.बी., एच.आई.वी. व कोविड-19 पर विस्तार से जानकारी दी। शिविर में इन बीमारियों के लक्षण, बचाव और इलाज के बारे में सविस्तार बताया गया।

सिस्टर जॉली फ्रांसिस (प्रोजेक्ट इंचार्ज)

Fr. Agnel School & Bal Bhawan, Pocket-F, Beta-II, Greater Noida

Fr. Agnel School, Greater Noida is a Christian Minority School established under Article 30 (1) of the Constitution of India. It is located with large sports facilities of a standard football ground, basketball court etc. Being located in a green area, it is an attractive school for those who would like to grow in a pollution free environment.

With the inception of two pre school and 5 primary classes (class I-V) from Academic Year 2010-2011, Fr. Agnel School, Greater Noida has a great future ahead and is the right choice for students who believe in the ideology of the Agnel Ashram Fathers - It beckons one and all to be part of its great vision of BIG HEARTS AND BRAVE MINDS.

Although run by a Christian Minority, it is established on the solid foundation of National Integration, respect and appreciation of the pluralistic culture of India. It is committed to provide its students the best education available. The school is equipped with the latest technological facilities including specious computer labs, Library, large play grounds, all smart class rooms and School auditorium.

It provides infrastructure and outreach to disadvantaged community children as well as scholarships to several poor children in the School, including around 250 children of leprosy patients, of sex workers, of HIV affected, poor and destitute etc. of Fr.Agnel Balbhawan situated at Greater Noida. The School is maintaining the strength of each class room at 40 students, maximum. The total number of Students currently studying is 1920 students. http://www.agnelgreaternoida.org

Fr. Bento Rodrigues (Manager)
Fr. Agnel School, Greater Noida

में विस्तार से महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। साथ ही सभी को मास्क लगाने के फायदे भी बताये गये। उन्होंने लोगों को कम से कम 20 सेकण्ड तक अच्छी तरह साबुन से हाथ धोने का सही तरीका बताया और संदेश भी दिया। सभी ने ध्यानपूर्वक इन्हें सुना और साथ ही अपनी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

टी.बी., एच.आई.वी. व कोविड-19 पर ट्रेनिंग प्रोग्राम रखा गया

आगरा, 18 जून। फातिमा हॉस्पीटल, आगरा की मलिन बस्तियों में चल रहे एच.सी.डी.पी.सी. प्रोग्राम के अन्तर्गत फातिमा हॉस्पीटल में सोशल वर्क प्रोजेक्ट इंचार्ज सिस्टर जॉली फ्रांसिस ने दिनांक 17 व 18 जून 2021 को टी.बी. एच.आई.वी. व कोविड-19 पर ट्रेनिंग प्रोग्राम किया। प्रोग्राम की शुरुआत में सिस्टर जॉली फ्रांसिस ने पवित्र बाईबल से एक अध्याय पढ़ा और सभी लोगों को मानसिक शुद्धि का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में श्रीमती मॉली जोस, सिस्टर अखिला व अन्य सिस्टर्स भी शामिल हुईं। सिस्टर जॉली के नेतृत्व में सोशल वर्कर स्टाफ ने सोशल डिस्टेन्सिंग को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने कार्यक्षेत्र से बुलाये गये लगभग 48 युवक-युवतियों ने हैंड सैनिटाइज़र व मास्क लगवाकर कार्यक्रम में भाग लिया। श्रीमती मॉली जोस ने टी.बी., एच.आई.वी. व कोविड-19 पर विस्तार से जानकारी दी। शिविर में इन बीमारियों के लक्षण, बचाव और इलाज के बारे में सविस्तार बताया गया।

सिस्टर जॉली फ्रांसिस (प्रोजेक्ट इंचार्ज)

Fr. Agnel School & Bal Bhawan, Pocket-F, Beta-II, Greater Noida

Fr. Agnel School, Greater Noida is a Christian Minority School established under Article 30 (1) of the Constitution of India. It is located with large sports facilities of a standard football ground, basketball court etc. Being located in a green area, it is an attractive school for those who would like to grow in a pollution free environment.

With the inception of two pre school and 5 primary classes (class I-V) from Academic Year 2010-2011, Fr. Agnel School, Greater Noida has a great future ahead and is the right choice for students who believe in the ideology of the Agnel Ashram Fathers - It beckons one and all to be part of its great vision of BIG HEARTS AND BRAVE MINDS.

Although run by a Christian Minority, it is established on the solid foundation of National Integration, respect and appreciation of the pluralistic culture of India. It is committed to provide its students the best education available. The school is equipped with the latest technological facilities including specious computer labs, Library, large play grounds, all smart class rooms and School auditorium.

It provides infrastructure and outreach to disadvantaged community children as well as scholarships to several poor children in the School, including around 250 children of leprosy patients, of sex workers, of HIV affected, poor and destitute etc. of Fr.Agnel Balbhawan situated at Greater Noida. The School is maintaining the strength of each class room at 40 students, maximum. The total number of Students currently studying is 1920 students. http://www.agnelgreaternoida.org

Fr. Bento Rodrigues (Manager)
Fr. Agnel School, Greater Noida

Archdiocese At A Glance

First Profession and Jubilee Celebration held at Greater Noida

Greater Noida, 14th April 2021: With profound joy and gratitude to God, the Ursuline Sisters of Mary Immaculate, Nirmala Province, celebrated the First Profession of their 2 Novices - Lovely Bara and Anupa Kerketta and Final Profession of 2 Sisters - Sr. Mamta Mashi and Sr. BinitaMinj on 14th April 2021, Wednesday at 10.30 am at Nirmala Provincialate, Greater Noida.

The Profession Ceremony and the Solemn Thanksgiving Eucharist was officiated by His Grace Most Rev. Dr. Raphy Manjali, Archbishop of Agra and 4 other concelebrants, Fr. Vinoy Pulivelil, Fr. Bento Rodrigues, Fr. K.K.Thomas and Fr. Rogimon.

'Called to be sowers of Prophetic hope', with this theme, the newly and finally professed Sisters took the vows of poverty, chastity and obedience, which are the three evangelical counsels of perfection in religious life.

In his homily, His Grace, well explained the great significance of the religious call "to leave the ordinary lives behind and to enter into a close relationship with Christ." He highlighted that it is precisely this special grace of intimacy that, in the consecrated life, makes possible and even demands the total gift of self in the profession of the evangelical counsels: The leaving of ordinary life (poverty), the grace of intimacy with Christ (chastity), and the total gift-of-self (obedience).

On behalf of the Newly Professed and the Finally Professed sisters, Sr. Mamta Mashi proposed the vote of thanks expressing their deep gratitude towards all those who have been instrumental in helping them reach this graceful occasion of their life. Thereafter, the celebrities of the day were felicitated and the fellowship meal was shared.

फादर मैथ्यु ई.आई. नहीं रहे!

सरधना/मेरठ 2 जुलाई। मेरठ धर्मप्रांत के वरिष्ठ पुरोहित और बहुत से फादर्स के आध्यात्मिक निर्देशक श्रद्धेय फादर मैथ्यु एडाथट्टल का लम्बी बीमारी के उपरांत स्वर्गवास हो गया। वे 92 वर्ष के थे। फादर मैथ्यु का जन्म 21 जनवरी 1929 को केरल में हुआ था। 1 जनवरी 1961 को उनका पुरोहिताभिषेक हुआ था।

3 जुलाई को प्रातः 10 बजे कोविड प्रावधानों को मद्दे नजर रखते हुए सेंट जोसफ कथीड्रल, मेरठ में धर्माध्यक्ष फ्रांसिस कलिस्ट ने उनके दफन-क्रिया की धर्मविधि सम्पन्न कराई। तत्पश्चात उनके शव को पूर्ण सम्मान व धर्मविधि के साथ सेंट लूकस अस्पताल, साकेत, मेरठ के कब्रिस्तान में दफना दिया गया। **ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे।**

Fr. Dominic Pinto Lucknow to be the new Regional Youth Director

May 1, 2002. In an online installation ceremony, Rev. Fr. Dominic Pinto of Lucknow Diocese was installed new Regional Youth Director of Agra Region (U.P., Rajasthan & Uttarakhand), by Most Rev. Dr. Oswald J. Lewis, Chairman Bishop of Indian Christian Youth Movement (Agra Region). Youth Directors, Lady Youth Animators and Regional Youth Office Bearers from al 11 Dioceseas were present (online) to mark the occasion.

Rev. Fr. Dominic Geroge, the outgoing RYD, thanked the Chairman all Directors and youth for their whole hearted support during his tenure as RYD. He also thanked and appreciated the hardwork and generous service rendered by RLYD Rev. Sr. Darshana FSLG. Fr. Dominic George took the charge of Regional Youth Office on 14 January 2018. Thus, he completed his term on May 1, 2001. During his tenure, the Youth Ministry in the Region started the following:

- Annual get-together of LOP fruits/products
- Prichay Milan (match making programme)
- Faithbook
- Regional Website
- Ephata, Podcast series and created youth database for the Region.

At present Fr. Dominic Pinto is the Diocesan Youth Director and also the Director of the Pastoral Centre, Lucknow. The AGRADIANCE wishes new RYD God's blessings and best of luck in his ministry.

Rev. Fr. Wilfred Moras is the new Rector of St. Joseph's Regional Seminary, Prayagraj

Prayagraj, 24 June. Rev. Fr. Wilfred Moras, 52, of Lucknow Diocese is been appointed as the new Rector of St. Joseph's Regional Seminary, Prayagraj, U.P. He is replacing the outgoing Father Rector Fr. Ronald Tellis (of Jhansi) who was on the staff for last 11 years and served as Rector for last 5 years.

Rev. Fr. Wilfred was installed here in the Seminary Chapel by the Chairman Bishop Most Rev. Dr. Raphy Manjaly, the Archbishop of Agra. Rev. Fr. A. Sebastian, Vice Rector was also present on the occasion.

Ordained on April 27, 1997 Rev. Fr. Wilfred holds a Masters Degree in English (Lit.) Bachelor's Degree in Education. Besides these he has done Licenticate in Communication from Urbania University, Rome and Doctorate in Missiology. Prior to his present assignment he has served as the Director of Regional Pastoral Centre Nav Sadhana, Varanasi, since 2017-2021.

The Agradiance congratulates him on being appointed Rector of his own 102 years old Alma Mater. We wish him all God's blessings and prayerful support.

Archdiocese at a glance...cont.

Gone, but not forgotten...

Bernie Jackson (St. Mary's Agra) 13.4.21

Glen Scaife (St. Mary's, Agra) 20.4.21

Peter Joseph (Cath.) 14.5.21

Rizarius Anthony Bhai (Cath.) 3.5.21

Rajeev Francis (G. Noida) 8.5.21

Rosy Wales (St. Jude's) 8.5.21

Bp. B. Bhuria (Jhabua) 6.5.21

Fr. Rolfie D'Souza (Allad.) 14.5.21

Fr. Mathew E. I. (Meerut) 2.7.21

Missionaries, worked in the Achchdiocese...

Fr. Varghese K. (CMI), 01.10.20

Fr. T. Emprayil (V.C.) 8.5.21

Fr. Shivaji (SFX) 27.5.21

Sr. Kripa George (CHF) 27.4.21

Sr. Nepunita (M.C.) 6.5.21

Sr. Merly Jose (CMC) 16.5.21

May their souls and souls of all faithful departed rest in peace!

Editorial Team : Fr. E. Moon Lazarus, Fr. Jacob P., Dr. Antony A. P., Mrs. Bernardine Jackson, Mrs. Nishi Augustine



For Private Circulation Only

Printed at
St. Joseph's Printing School
Motilal Nehru Road, Agra-3
Ph. : 9457777308

Edited and Published by
Fr. E. Moon Lazarus
Cathedral House
Wazirpura Road, Agra-282 003
E-mail : agradiance@yahoo.com